**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 20.02.2026** **समय : 07.10PM**

**मुख्य समाचार :-**

- **प्रधानमंत्री मोदी ने एआई और डीपटेक स्टार्टअप्स के सीईओ के साथ की चर्चा।**
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में एआई में कहा - मध्यप्रदेश जल्द लॉन्च करेगा स्टेट एआई मिशन ।**
- **मुख्यमंत्री कल दतिया को देंगे 532 करोड़ रूपये के विकास की सौगात।**
- **प्रदेश के 25 जिलों में आंधी-बारिश और ओलों का दौर जारी ; 23 और 24 को फिर से बारिश का अलर्ट ।**

**प्रधानमंत्री-स्टार्टअप गोलमेज बैठक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के सेवा तीर्थ में एआई और डीपटेक स्टार्टअप के मुख्य कार्यकारी अधिकारिओं के साथ एक बैठक की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कृषि, पर्यावरण संरक्षण और मातृभाषा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एआई तकनीक के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। श्री मोदी ने मजबूत डेटा प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने गलत सूचनाओं के प्रति आगाह किया और देश की जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित करने का आग्रह किया। गोलमेज बैठक के दौरान 16 एआई और डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ और संस्थापकों ने अपने विचार और कार्य प्रस्तुत किए। एआई स्टार्टअप्स ने भारत द्वारा अपने एआई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की।

**मुख्यमंत्री- एआई इम्पैक्ट समिट**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार राज्य में एआई स्टार्टअप्स को अवसर प्रदान करने के लिए काम कर रही है। मध्यप्रदेश जल्द लॉन्च करेगा स्टेट एआई मिशन। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश जल्द लॉन्च करेगा स्टेट एआई मिशन।

**अश्विनी वैष्णव- एआई इम्पैक्ट समिट**

भारत और अमरीका ने आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में पैक्स सिलिका घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर किए। यह घोषणा-पत्र महत्वपूर्ण खनिजों और सेमीकंडक्टर के उत्पादन तथा तेजी से विकसित हो रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेगा। इस अवसर पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत का लक्ष्य सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों में अग्रणी भूमिका निभाना है। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत के अलग-अलग राज्यों से छात्र चिप्स डिजाइन कर रहे हैं।

**विधानसभा**

विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन आज इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों का मामला एक बार फिर गूंजा। विपक्ष द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्ताव को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने नियमों का हवाला देते हुए अमान्य कर दिया, जिस पर सदन में तीखी बहस हुई। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आश्वस्त किया कि सरकार ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की है और नई पाइपलाइन का काम भी शुरू हो गया है। प्रश्नकाल के दौरान सिरोंज-लटेरी में विद्युत उपकेंद्र और नीमच में संपत्तियों की अनियमितताओं के मुद्दे उठाए गए। वहीं, मनावर विधायक डॉ. हीरालाल अलावा ने लीज भूमि के अवैध हस्तांतरण का मामला उठाया, जिस पर मंत्री विजयवर्गीय ने लीज नवीनीकरण की व्यावहारिक कठिनाइयों से अवगत कराया। ध्यानाकर्षण के दौरान छिंदवाड़ा से गुमशुदा बच्चियों की तलाश के लिए विशेष जांच दल गठित करने की जानकारी भी सदन को दी गई।

**शिवराज - भारत ब्राजील**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में ब्राजील के कृषि मंत्री कार्लोस फवारो के साथ मुलाकात की। मीडिया से बात करते हुए श्री चौहान ने कहा कि बैठक के दौरान ब्राजील के कृषि मंत्री और उनकी टीम के साथ कृषि क्षेत्र में उपयोगी चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद- आईसीएआर और ब्राजील के समकक्ष कई क्षेत्रों में सहयोग करेंगे।

**मुख्यमंत्री-दतिया**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल दतिया जिले की तहसील सेवढ़ा में आयोजित कार्यक्रम में 532 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। इसमें मुख्य रूप से सिंध नदी पर नव निर्मित सेतु का लोकार्पण शामिल हैं। साथ ही सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बसई सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण भी होगा। मुख्यमंत्री कृषि उपज मंडी प्रांगण सेवढ़ा में आयोजित कार्यक्रम में 299.32 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुए 53 विकास कार्यों का लोकार्पण और 233.24 करोड़ रुपये की लागत के 21 कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास करेंगे। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे।

**निर्मला भूरिया**

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2024 में चयनित अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। मेडिकल बोर्ड से स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को देखते हुए, अब जॉइनिंग की अंतिम तिथि **23 फरवरी** से बढ़ाकर **28 फरवरी 2026** कर दी गई है।मंत्री सुश्री भूरिया ने यह भी निर्देश दिए हैं कि यदि कोई अभ्यर्थी जॉइनिंग के समय स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाता है, तो उसे कार्यभार ग्रहण करने के एक माह के भीतर इसे जमा करने की अनुमति दी जाए। सरकार के

इस संवेदनशील निर्णय से सैकड़ों चयनित अभ्यर्थियों को प्रशासनिक बाधाओं से मुक्ति मिली है।

**गेहूँ उपार्जन-पंजीयन**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जानकारी दी है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अब तक एक लाख 81 हजार 793 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। पंजीयन की कार्यवाही 7 मार्च तक जारी रहेगी। उन्होंने किसानों से अपील की है कि निर्धारित समय में पंजीयन जरूर करा लें।

**मौसम**

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के 25 जिलों के करीब 80 शहरों में तेज आंधी के साथ बारिश दर्ज की गई। उज्जैन और मंदसौर सहित मालवा-निवाड़ के कई ग्रामीण क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान पहूँचा है, जिसके आकलन के लिए प्रशासन ने सर्वे शुरू कर दिया है। श्योपुर में 63 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी ने जनजीवन प्रभावित किया मौसम विभाग ने किसानों को सतर्क करते हूए 23 और 24 फरवरी को एक बार फिर बारिश का अलर्ट जारी किया है। ठंडी हवाओं के चलते दिन के तापमान में गिरावट आई है

**कुछ समाचार संक्षेप में ....**

- राजगढ़ जिले के सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 14309–14310 लक्ष्मीबाइ नगर–ऋषिकेश–लक्ष्मीबाइ नगर उज्जैनी एक्सप्रेस का स्टापेज शुरू हो गया है।
- शहडोल जिले के अमझोर वन परिक्षेत्र में वन विभाग की टीम पर हमला करने वाले 3 लकड़ी तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।
- धार, के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धार के विद्यार्थियों के लिए आरबीआई भोपाल द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।
- नर्मदापुरम के इटारसी में  जीवोदया संस्था, बंगलिया द्वारा 'बाल संरक्षण और पैरवी' विषय पर एक दिवसीय बहु–हितधारक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- जबलपुर रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के 800 वरिष्ठ नागरिक रामेश्वरम–मदुरै की तीर्थ यात्रा पर रवाना हुए। 
- संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने आज बैतूल सर्किट हाउस में वन अधिकार दावों एवं स्वरोजगार मूलक योजनाओं की समीक्षा बैठक लंबित एवं नवीन वन अधिकार दावों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- आगरमालवा जिले में सुसनेर मार्ग पर कोतवाली पुलिस थानान्तर्गत आज हुए एक दर्दनाक हादसे में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गये।
- सीहोर के कुबेरेश्वरधाम पर जारी सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव का आज समापन हुआ
- मंदसौर जिले के ग्राम कनघट्टी में देश के पहले भारत सरसों संगम 2026 का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश समेत राजस्थान और हरियाणा के 1500 से अधिक किसान भाामिल हुए।